कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.08.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में प्लेसमेन्ट पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आज दिनांक 12/08/2024 को प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर गाइडेन्स सेल द्वारा ‘‘प्लेसमेन्ट अवरनेस प्रोग्राम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सौजन्य से किया गया।

कार्यक्रम में प्रिज्म ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने आज के समय में प्लेसमेन्ट की आवश्यकता एवं महत्व के संबंध में छात्राओं से चर्चा की।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस एकदिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के प्रति जागरूक कर उन्हें इसके लिये तैयार करना है। प्रिज्म ग्रुप की प्राध्यापिका कु. प्रियंका चौहान ने बायोडाटा बनाने एवं साक्षात्कार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। इस संबंध में छात्राओं की लिखित योग्यता परीक्षा ली गई।

उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या स्नातकोत्तर कक्षायें की छात्रायें उपस्थित थे।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)